आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 अप्रैल 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रदेश के हरदोई जिले में पांच सौ चौरानवे किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेस–वे बारह जिलों– मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से होकर गुजरेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगा हजारों वर्षों से प्रदेश की जीवनरेखा रही है, उसी प्रकार यह एक्सप्रेस–वे भी राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा।

आज यूपी के एक्सप्रेसवे से भी ज्यादा रफ्तार अगर कहीं है तो यूपी के विकास की रफ्तार ही है। गंगा एक्सप्रेस वे करीब 600 किलोमीटर लंबा पश्चिमी यूपी में मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा,संभल और बदायूं इनके आसपास के दूसरे जिले गंगा एक्सप्रेसवे इससे इन इलाकों के करोड़ों लोगों का जीवन बदलेगा।

प्रधानमंत्री ने गंगा नदी के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके आसपास से गुजरने वाले आधुनिक एक्सप्रेस–वे विकास की नई धमनियां बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं प्रदेश के विकास को गति देने और भारत के उज्ज्वल भविष्य में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है ये एनसीआर के ऐसी संभावनाओं को भी करीब लाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां तो दौड़ेगी ही इसके किनारे नए औद्योगिक अवसर विकसित होंगे। इसके लिए हरदोई जैसे दूसरे जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। अलग–अलग सेक्टर जैसे फार्मा टेक्सटाइल आदि के सर कलस्ट्रल विकसित होंगे, युवाओं के लिए रोजगार के लिए नए अवसर भी तैयार होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के तहत राज्य में उन्नत बुनियादी ढांचा विकास को गति दे रहा है।

उत्तर प्रदेश के अंदर केवल यहां एक्सप्रेस सुबह हमारी दूरी को ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि इन सभी पर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर वहां भी है और साथ–साथ उत्तर प्रदेश के अंदर इन एक्सप्रेसवे के माध्यम से अन्नदाताओं किसानों की उन्नति के ये एक्सप्रेसवे बने हैं, युवाओं के रोजगार के एक्सप्रेसवे बने हैं।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर दर्शन–पूजन किया। प्रधानमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद कुछ श्रद्धालुओं से संवाद भी किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम अयोध्या दौरे पर पहुंचे। उन्होंने वह श्रीराम मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी की आपूर्ति जारी है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के जारी है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स पर कहीं भी ड्राई–आउट की स्थिति नहीं है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत, विद्यार्थियों के अनिवार्य दाखिले को राष्ट्रीय मिशन बताते हुए बरकरार रखा है। एक रिपोर्ट–

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों को विद्यालयों में दाखिला ना देना, संविधान के अनुच्छेद 21–ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। सर्वोच्च न्यायालय ने लखनऊ के एक निजी स्कूल की याचिका को खारिज कर दिया। स्कूल ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत पात्र एक छात्रा को प्रवेश देने से इनकार किया था। उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए, पीठ ने कहा कि विद्यालय, सरकारी अधिकारियों द्वारा लिए गए पात्रता निर्णयों पर सवाल नहीं उठा सकते और ना ही उन्हें, रद्द कर सकते। समाचार कक्ष से फरहत नाज।

****

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में आज तेज हवाओं के साथ हुयी बारिश से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। कुछ जगहों से ओले पड़ने की भी सूचना है। अयोध्या, गोरखपुर और अम्बेडकरनगर में हल्की से लेकर तेज बारिश हुयी है। गोरखपुर में तेज धूलभरी आंधी के कारण शाम को ही घना अंधेरा छा गया। वहीं जौनपुर में तेज हवा चलने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। भदोही में गरज–चमक के साथ बारिश हुयी और कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार कल भी प्रदेश के कुछ जिलों में तेज हवा चलने और हल्की बारिश की सम्भावना है।

****